उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-04 /07/कम्प्यू0अनु0(बारह)/2019-2022/01-परीक्षा/2019

लखनऊ : दिनांक : 11 मार्च, 2022

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2019, सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधीन रिक्त 672 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा (मुख्य) दिनांक 21-10-2021 को आयोजित की गयी थी। आयोग द्वारा उक्त लिखित परीक्षा (मुख्य) के आधार पर रिक्त पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 2.0 गुना (न्यूनतम कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए) अभ्यर्थियों, कुल 1861 अभ्यर्थियों, को अर्हता/ अभिलेखादि परीक्षण के लिए अर्ह घोषित करते हुए लिखित परीक्षा (मुख्य) का परिणाम दिनांक 11-03-2022 को अनुमोदित किया गया है।

**अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अन्तिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। अर्हता/ अभिलेखादि परीक्षण के उपरान्त चयन सम्बन्धी अंतिम परिणाम यथासमय घोषित किया जाएगा।**

आयोग द्वारा उक्त अभ्यर्थियों के अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण के सम्बन्ध में आयोग की वेबसाइट के माध्यम से पृथक से सूचित किया जाएगा।

यह भी सूच्य है कि अर्हता/अभिलेख परीक्षण के उपरान्त अंतिम चयन परिणाम घोषित होने के पश्चात उक्त परीक्षा से संबन्धित अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा के प्राप्तांक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराये जाएंगे। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्राप्तांक हेतु पृथक से प्रार्थना पत्र आयोग द्वारा न तो स्वीकार किये जाएंगे तथा न ही उन पर विचार किया जाएगा।

एतद्द्वारा संबन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत लिखित परीक्षा (मुख्य) के आधार पर उपरोक्तानुसार अर्हता/ अभिलेखादि परीक्षण अर्ह घोषित 1861 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट http://upsssc.gov.in के Home Page पर Results Segments के अंतर्गत अपलोड कर दिया गया है। मुख्य परीक्षा के परिणाम से संबन्धित लम्बवत व क्षैतिज आरक्षण के अनुसार श्रेणीवार कटऑफ (01 पृष्ठ) सूचना के साथ संलग्न है।

संलग्नक- यथोपरि।

11-03-2022
(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।
संख्या– 49 /गोपन अनुभाग/1/17/2019/2022
लखनऊः दिनांकः 11 मार्च, 2022

विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा/2019, सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा, 2019 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के कुल 672 रिक्त पदों के सापेक्ष दिनांक 21.10.2021 को आयोजित मुख्य परीक्षा के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों के न्यूनतम कट–ऑफ अंक–

लम्बवत् श्रेणी का कट–ऑफ –

| क्र0सं0 | श्रेणी | कट–ऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 299.00 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 277.50 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति* | 253.50 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 299.00 |

क्षैतिज श्रेणी का कट–ऑफ –

| क्र0सं0 | श्रेणी | कट–ऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | 293.00 |
| 2 | विकलांगजन | 269.50 |
| 3 | सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | 270.00 |
| 4 | महिला | 284.50 |

*राजस्व निरीक्षक पद हेतु अनुसूचित जनजाति श्रेणी हेतु कट–ऑफ 250.50 अंक है।

**<u>सहायक उद्यान निरीक्षक पद हेतु कट–ऑफ अंक</u>**

लम्बवत् श्रेणी का कट–ऑफ –

| क्र0सं0 | श्रेणी | कट–ऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 287.00 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 257.00 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 220.00 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 287.00 |

क्षैतिज श्रेणी का कट–ऑफ –

| क्र0सं0 | श्रेणी | कट–ऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | 297.00 |
| 2 | विकलांगजन | 251.00 |
| 3 | भूतपूर्व सैनिक | 232.00 |
| 4 | महिला | 276.50 |

11.03.2022
(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।